OFFICE OF THE REGISTRAR
UNIVERSITY OF LUCKNOW
कुलसचिव कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, उ0प्र0
Web: www.lkouniv.ac.in,Email: registrar@lkouniv.ac.in, Phone/Fax:0522-2740412

NAAC ACCREDITED A++ GRADE

पत्रांक : R/216/24

दिनांक : 30/3/2024

## लखनऊ विश्वविद्यालय केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रणाली 2024–25
## (Lucknow University Centralized Admission System 2024-25)

लखनऊ विश्वविद्यालय से जुड़ने वाले समस्त छात्र विश्वविद्यालय द्वारा विकसित पाठ्यक्रमो, विश्वविद्यालय द्वारा सम्पादित की जा रही परीक्षा के साथ ही छात्र के सर्वागीण विकास हेतु प्रारम्भ किये जा रहे समस्त आयामो के लाभार्थी है। छात्र एवं उसके विभिन्न सकारात्मक पक्षों के विश्वविद्यालय के साथ अधिकतम समायोजन के दृष्टिगत माननीय कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय जी के दूरगामी निर्णय एवं मार्गदर्शन में लखनऊ विश्वविद्यालय ने वर्ष (सत्र 2020–21) की प्रवेश प्रक्रिया से प्रवेश की केन्द्रीय प्रणाली का प्रारम्भ किया। इस प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमो के साथ ही सम्बद्ध महाविद्यालय विभिन्न पाठ्यक्रमो के प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। प्रवेश फार्म भरने वाले प्रवेशार्थियों को अलग–अलग प्रवेश फार्म भरने का कार्य नहीं करना पड़ा तथा एक ही फार्म से विश्वविद्यालय के साथ कई महाविद्यालयों में प्रवेश लेने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रवेश की केन्द्रीयकृत प्रणाली के माध्यम से यह विचार और मजबूत हुआ की विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय,विश्वविद्यालय का ही विस्तार है।

सत्र 2024–25 की लखनऊ विश्वविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया का आरम्भ हो रहा है। पिछले सत्र के समान विश्वविद्यालय के द्वारा इस सत्र में भी केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रणाली के तहत प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जायेगी एवं वर्ष 2023–24 की भाँति छात्र को काउसिंलिग के समय महाविद्यालय एवं पाठ्यक्रम चुनने का विकल्प रहेगा। यदि किसी पाठ्यक्रम में सीटें केन्द्रीयकृत प्रणाली से नही भरती है तो महाविद्यालय को नियमानुसार सीधे प्रवेश लेकर सीटें भर लेने का अधिकार होगा। माननीय कुलपति महोदय के निर्देश पर इस व्यवस्था को और प्रभावी एवं उत्तरदायित्व पूर्ण बनाने के लिये एक कोआर्डिनेशन टीम का गठन किया जा चुका है, जिसमें विश्वविद्यालय की प्रवेश टीम के अतिरिक्त महाविद्यालयों के प्रतिनिधि भी शामिल है। लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय परिवार का ही एक अंग है, इस विचार के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय अपने सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों का इस केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रणाली में स्वागत करता है।

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या : R/213/24
दिनांक : 30/3/2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सहयुक्त महाविद्यालय (लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, व रायबरेली)
लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ।

महोदय, / महोदया,

सूच्य है कि लखनऊ विश्वविद्यालय के सहयुक्त महाविद्यालयों में केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रणाली के माध्यम से सत्र 2024–25 में प्रवेश कराये जाने हेतु मा0 कुलपति महोदय, द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया हैं केन्द्रीयकृत प्रणाली योजनान्तर्गत विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय के साथ ही साथ सहयुक्त महाविद्यालयों (लखनऊ, रायबरेली हरदोई, सीतापुर, व लखीमपुर खीरी) में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश का कार्य सम्पादित करायेगा। अतएव लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय प्रवेश सहभागिता शुल्क जमा करके अपने महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्र/छात्राओं का प्रवेश लखनऊ विश्वविद्यालय की केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम ले सकते है।

अतः जो सहयुक्त महाविद्यालय अपने महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रणाली से करना चाहते है, वे पाठ्यक्रमों के विवरण सम्बन्धित सहभागिता शुल्क आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से जमा कर पाठ्क्रमों के विवरण निर्धारित प्रारुप पर ई–मेल lucentralizedadmissions2024@gmail.com" पर दिनांक 31-05-2024 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें। सामान्य एवं प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के प्रवेश सहभागिता शुल्क का विवरण तथा प्रारूप संलग्न है।

भवदीय

संलग्नक उपरोक्तानुसार।

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : ..................... दिनांक : .....................

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. समस्त अधिष्ठाता,, ल0वि0वि0।
3. अधिष्ठाता छात्र कल्याण ल0वि0वि0।
4. अधिष्ठाता, प्रवेश ल0वि0वि0।
5. समन्वयक प्रवेश, ल0वि0वि0।
6. इंचार्ज, नवीन परिसर ल0वि0वि0। ल0वि0वि0।
7. समस्त निदेशक, समन्वयक, ल0वि0वि0।
8. कुलानुशासक ल0वि0विं
9. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
10. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद ल0वि0विं

कुलसचिव

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

## केन्द्रीयकृत प्रवेश हेतु (सत्र 2024–25)

## आवेदन का प्रारूप

| | |
|---|---|
| महाविद्यालय का नाम | |
| महाविद्यालय का यू0डी0आर0सी0 कोड | |
| महाविद्यालय की श्रेणी (राजकीय / अनुदानित / स्ववित्तपोषित) | |
| महाविद्यालय का पूर्ण पता(पिन कोड न0 सहित) | |
| प्राचार्य का नाम | |
| मोबाइल न0 | |
| ई–मेल | |
| महाविद्यालय के प्रतिनिधि का नाम(Name of Contact Person) | |
| मोबाइल न0 | |
| ई–मेल | |

| क्रमांक | पाठ्यक्रम का नाम | विषय | पाठ्यक्रम की श्रेणी (सामान्य / प्रोफेशनल) | निर्धारित सीट संख्या | प्रवेश सहभागिता शुल्क की दर | कुल जमा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

हस्ताक्षरः प्रबन्धक / प्राचार्य

मुहर :

### केन्द्रीयकृत शुल्क हेतु
### निर्धारित शुल्क का विवरण

| | |
|---|---|
| प्रोफेशनल पाठ्यक्रम के लिये–प्रति महाविद्यालय, | –रू0 1,00,000/- 18%+ जी0एस0टी0 (अधिकतम दो पाठ्यक्रमों के लिये)<br>–रू0 50,000/- 18%+ जी0एस0टी0– दो से अधिक प्रति अतिरिक्त पाठ्यक्रम |
| सामान्य पाठ्यक्रम के लिये– प्रति महाविद्यालय, | –रू0 50,000/- 18%+ जी0एस0टी0–(अधिकतम दो पाठ्यक्रमों के लिये)<br>रू0 25,000/- 18%+ जी0एस0टी0–दो से अधिक प्रति अतिरिक्त पाठ्यक्रम |
| एकाउन्ट न0 एवं बैंक का नाम(आर0टी0जी0 द्वारा) | A/C N0.50100148826160<br>LU UG/PG Admission<br>IFSC Code – HDFC0003802<br>HDFC Bank, Vikrant khand, Gomti Nagar, lucknow. |
| आवेदन की अन्तिम तिथि | 31 मई, 2024 |

# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या :....................................
दिनांक :. ...........................................

### कार्यालय ज्ञाप

सूच्य है कि लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों से संचालित पाठ्यक्रमों में सत्र 2024–25 में प्रवेश लिये जाने हेतु केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है।

उक्त के क्रम में मुझे यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों (लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर, एवं लखीमपुर खीरी) में एन0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में सत्र 2024–25 में प्रवेश एन0सी0टी0ई0 रेगुलेशन 2014 (भारत के राजपत्र)के भाग–3 खण्ड–4 के अनुच्छेद 4.3 के प्राविधानुसार विश्वविद्यालय द्वारा केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश किया जायगा, इसके अतिरिक्त किसी माध्यम से प्रवेश अनुमन्य नही होगें :–

1. एम0एड0 (M.ED.)
2. बी0एल0एड0 (B.EL.ED.)
3. बी0पी0एड0 ( B.P.ED.)
4. एम0पी0एड0 ( M.P.ED.)

अतः जिन सहयुक्त महाविद्यालयों द्वारा अभी तक उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु केन्द्रीयकृत प्रक्रिया में आवेदन नही किया गया है, उनको निर्देशित किया जाता है कि तत्काल केन्द्रीयकृत प्राणाली के माध्यम से प्रवेश लिये जाने हेतु विहित प्रक्रियानुसार आवेदन सुनिश्चित करने का कष्ट करें, अन्यथा की स्थिति में किसी प्रतिकूल परिस्थिति के लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।

भवदीय

/

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : R/215/24 दिनांक : 30/3/2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. अधिष्ठाता, प्रवेश, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद्, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. समन्वयक, प्रवेश, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
5. इंचार्ज, वेबसाईट को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने एवं समस्त सम्बन्धित को ई–मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
6. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालय,(लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर व रायबरेली) लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ। ।

कुलसचिव

# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या :.................................
दिनांक :. .................................

## कार्यालय ज्ञाप

सूचित किया जाता है कि दिनांक 30.03.2024 से लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक एवं स्नातक प्रबन्धन पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया आनलाइन प्रारम्भ हो रही है स्नातक पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत BA.(NEP),BSc.(Maths) (NEP),B.Sc.(Biology) (NEP), B.Com(NEP), B.Com(hones), Shastri, LL.b (Integrated 5 years), BVA/BFA, B.A/B.Sc.(yoga)B.VOC(Renewabl energy एवं B.Sc. Agriculture, BJMC, B.EL.ED. (केवल महाविद्यालयों के लिये) तथा D.Pharm. केप्रवेश फार्म आनलाइन जारी किये जा रहें है। आवेदन की अन्तिम तिथि 31 मई 2024 है।

स्नातक प्रबन्धन पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत BBA,एवं BCA के प्रवेश फार्म दिनांक 30 मार्च 2024 से अनलाइन जारी किये जा रहें है। आवेदन फार्म की अन्तिम तिथि 31 मई 2024 है।

आवेदन की प्रक्रिया एवं अन्य विस्तृत विवरण के लिये लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट lkouniv.ac.in के Admission पेज पर UG Admission पर जायें।

भवदीय

/

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या :...k/214/24........ दिनांक :....30/3/2024........

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. समस्त अधिष्ठाता, ल0वि0वि0।
3. अधिष्ठाता छात्र कल्याण ल0वि0वि0।
4. अधिष्ठाता, प्रवेश ल0वि0वि0।
5. समन्वयक प्रवेश, ल0वि0वि0।
6. इंचार्ज, नवीन परिसर ल0वि0वि0। ल0वि0वि0।
7. समस्त निदेशक, समन्वयक, ल0वि0वि0।
8. कुलानुशासक ल0वि0विं
9. इंचार्ज, वेबसाईट / कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
10. वित्त अधिकारी ल0वि0वि0।
11. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद ल0वि0विं।
12. प्राचार्य / प्राचार्या समस्त सहयुक्त महाविद्यालय,(लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर व रायबरेली) ल0वि0वि0।

कुलसचिव